हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार 8 अक्टूबर 2025
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

4 सिख समाज की शहीदी यात्रा मनेन्द्रगढ़ पहुंची



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर जनदर्शन में 20 आवेदन हुए प्राप्त

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में अपर कलेक्टर विनायक शर्मा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे अपर कलेक्टर के समक्ष रखा। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। 7 अक्टूबर को जनदर्शन में कुल 20 आवेदन प्राप्त हुए।

### समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक

**अनूपपुर।** अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी शासकीय योजनाओं का प्रभावी, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र हितग्राही तक शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। अपर कलेक्टर ने कहा कि विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय और सहयोग की भावना के साथ कार्य करें, ताकि लक्ष्य प्राप्ति में कोई बाधा न आए तथा योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए और जहां आवश्यक हो, नवाचार एवं सुधारात्मक कदम अपनाए जाएं, जिससे शासन की मंशा के अनुरूप परिणाम प्राप्त हो सके।

### साइबर सुरक्षा के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

**अनूपपुर।** ई-रिकार्ड डेटा चोरी और साइबर फ्रॉड की घटनाओं को रोकने, कम्प्यूटर-इंटरनेट, मोबाइल,एटीएम,डिजिटल सिग्नेचर, ईमेल,आधार कार्ड के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय सेवकों को साइबर सुरक्षा के संबंध में प्रशिक्षण सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित ई-दक्ष केन्द्र में दिया गया। प्रशिक्षण ई-दक्ष केन्द्र के वरिष्ठ प्रशिक्षक आनंद मोहन मिश्रा एवं प्रशिक्षक नितिन तिवारी द्वारा दिया गया। आयोजित प्रशिक्षण में शासकीय सेवकों को डेटा की सुरक्षा, साइबर हमलों से बचाव, ऑनलाईन ट्रांजेक्शन की सुरक्षा, कानूनी सुरक्षा, ऑनलाईन पहचान और गोपनीयता की सुरक्षा आदि के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

### बेलबहरा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम

**मनेन्द्रगढ़।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे की थीम पर बेलबहरा हाई स्कूल में बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास, भावनात्मक सशक्तिकरण और समग्र व्यक्तित्व विकास पर केन्द्रित एक भव्य एवं प्रेरणादायी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के मार्गदर्शन और महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार खाती के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मंच संचालन मिशन शक्ति हब की जिला समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने प्रभावशाली संचालन और प्रेरक शब्दों से पूरे कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास और मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी। 7 अक्टूबर के कार्यक्रम में सखी वन स्टॉप सेंटर की मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता सुश्री अमीषा कुशवाहा, चाइल्ड लाइन की परामर्शदाता श्रीमती रूमा पाठक, बाल संरक्षण इकाई के परामर्शदाता राकेश कुमार साहू ने बालिकाओं के जीवन में आने वाली समस्याओं पर बातचीत किया और उन समस्याओं के समाधान के बारे में बालिकाओं को जानकारी प्रदान किया।

### अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के नाम पर लैब का नामकरण

# संभाग के पहले स्पेस एजुकेशन लैब का राज्यपाल ने किया उद्‌घाटन



लैब का निरीक्षण करते राज्यपाल रमेन डेका।

**बैकुंठपुर।** कोरिया जिले ने शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए मंगलवार को संभाग का पहला स्पेस एजुकेशन लैब स्थापित किया। छग के राज्यपाल रमेन डेका ने बैकुंठपुर स्थित शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में इस लैब का लोकार्पण किया। यह अत्याधुनिक लैब भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ल के नाम पर समर्पित की गई है। डीएमएफ के सहयोग से स्थापित यह प्रयोगशाला विद्यार्थियों में अंतरिक्ष, भौतिकी, भूगोल और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि बढ़ाने में शेष पेज 4 पर

### राज्यपाल से भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने किया भेंट

छग प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका के एक दिवसीय कोरिया प्रवास के दौरान मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल भेंट कर जिले के विभिन्न विकास कार्यों के लिए ज्ञापन सौंपा। इसमें प्रमुख मांग शहर के मुख्य मार्ग को सड़क चौड़ीकरण सह डिवाइडर निर्माण, बैकुंठपुर में एम्स अस्पताल एवं विधि महाविद्यालय खोले जाने के लिए मांग पत्र दिया गया। साथ जिले के विकास कार्यो के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में राज्यपाल रमेन डेका को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, जिला मंत्री एवं चेम्बर ऑफ कॉमर्स के जिलाध्यक्ष शारदा गुप्ता, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े एवं मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक मौजूद रहे।



# कंपनी इंचार्ज और एसईसीएल अफसर पर अपराध पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ ओसीएम खदान बरतुंगा में खतरनाक विस्फोट से कई कर्मी हुए थे घायल

एमसीबी जिले के ओसीएम खदान बरतुंगा में 6 अक्टूबर को कृष्णा सुपर हाईटेक कंपनी और ए स ई सी ए ल अधिकारियों द्वारा खतरनाक तरीके से विस्फोटक पदार्थों का उपयोग क र लापरवाहीपूर्वक विस्फोट किया गया। घटना में कई कर्मचारियों को चोटें आईं और कार्यस्थल व वाहनों को नुकसान पहुंचा।

जानकारी के अनुसार धमाके के समय ड्यूटी पर कार्यरत एसईसीएल कर्मी हसमत अली, मानसाय, शंकर, शिवकुमार, मानकुंवर, हीरामनी, ओवर मैन मनोज कुमार, डिप्टी मैनेजर सहित कई अन्य कर्मचारी मौजूद थे। धमाके में सभी घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए रीजनल अस्पताल कुरासिया भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विस्फोट के दौरान कृष्णा सुपर हाईटेक कंपनी के इंचार्ज शिवानंद और एसईसीएल के ब्लास्टिंग इंचार्ज रवि चक्रधारी मौजूद थे। आरोप है कि उनके द्वारा खतरनाक तरीके से आयुध विस्फोट कर न केवल सुरक्षा नियमों की अनदेखी की गई, बल्कि कर्मचारियों व आसपास की संपत्ति को गंभीर खतरे में डाला गया। घटना के संबंध में प्रार्थी राज पता सुधारू उम्र 19 वर्ष निवासी डोमनहिल सोनवानी की रिपोर्ट पर थाना चिरमिरी में कालरी प्रबंधक और कृष्णा सुपर हाईटेक कंपनी के अधिकारियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 239/2025 धारा 288, 118 (1) बीएनएस एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 की धारा 3 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच थाना प्रभारी चिरमिरी द्वारा की जा रही है।


चिरमिरी माइंस में ओवी ब्लास्टिंग, 8 घायल

जांच के आदेश

कोई हताहत नहीं

7 अक्टूबर को हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

# नाबालिग चोरों ने उड़ाए लैपटॉप और मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ फरार आरोपी गिरफ्तार

जिले के चरचा थाना पुलिस ने चोरी के एक गंभीर मामले का सफल पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी और दो नाबालिग विधि-विरूद्ध बालक को गिरफ्तार कर चोरी किए गए सामान को बरामद किया है। मामला अपराध क्रमांक 163/2025 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत पंजीबद्ध है।

22 अगस्त को प्रार्थी अमित कुमार चखियार, पिता स्व. अजीत कुमार चखियार उम्र 37 वर्ष निवासी स्टाफ कॉलोनी चरचा ने थाना चरचा में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वे चरचा ईस्ट कटगोड़ी ब्लॉक में माइनिंग सरदार के पद पर कार्यरत हैं। 1 अगस्त को वे अपने पैतृक निवास अंबिकापुर गए हुए थे, इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके क्वार्टर में ताला तोड़कर प्रवेश किया और घर का सामान अस्त-व्यस्त कर दिया। नौकरानी द्वारा सूचना मिलने पर वे घर लौटे तो देखा कि सामने का जालीदार दरवाजा टूटा हुआ था, आलमारी खोलने का प्रयास किया गया था और कई कीमती सामान चोरी हो चुके थे। शेष पेज 4 पर



गिरफ्तार आरोपी।

### बिजुरी नगर में संचालित हो रहे कई बीसी केन्द्र

**अनूपपुर।** कोयलांचल क्षेत्र बिजुरी नगर में बैंकिंग करेस्पोंडेंट (बीसी) केन्द्रों की मनमानी खुलेआम सामने आ रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यहां कई बीसी आरबीआई और बैंकों के दिशा-निर्देशों को दरकिनार कर अवैध तरीके से संचालन कर रहे हैं।

नियमों के मुताबिक एक बीसी को केवल उस बैंक की ओर से अधिकृत स्थान पर ही काम करने की अनुमति होती है, लेकिन नगर में दर्जनों ऐसे केन्द्र देखे जा रहे हैं, जो अन्य स्थानों की आईडी लेकर धड़ल्ले से अलग-अलग जगहों पर केन्द्र संचालित कर रहे हैं। जानकारों का कहना है कि बीसी केन्द्र ग्रामीण व शहरी इलाकों में बैंकिंग सेवाएं सरल बनाने और ग्राहकों को नजदीकी स्तर पर सुविधा देने के लिए खोले गए थे। इनका मुख्य उद्देश्य गांव-गांव में बैंकिंग सुविधा पहुंचाना था। मगर बिजुरी नगर में यह उद्देश्य धीरे-धीरे धंधे का रूप ले चुका है।

# पीनट बटर हनी फ्लेवर्ड उत्पाद का राज्यपाल ने किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग के कोरिया जिले ने एक बार फिर नवाचार की मिसाल पेश की है। कृषि विज्ञान केन्द्र और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से तैयार किया गया पीनट बटर-हनी फ्लेवर्ड उत्पाद मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष बैकुंठपुर में राज्यपाल रमेन डेका के करकमलों से विमोचित हुआ।

राज्यपाल श्री डेका ने उत्पाद की गुणवत्ता, स्वाद और पैकेजिंग की सराहना करते हुए कहा कि यह उत्पाद कोरिया जिले की सृजनात्मक सोच और कृषि नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण है। शक्कर की जगह शहद का उपयोग इस पीनट बटर को और भी पौष्टिक व स्वास्थ्यवर्धक बनाता है। कोरिया जैसे सुदूर अंचल से इस तरह की पहल का आरंभ सचमुच सराहनीय है। राज्यपाल ने याद किया कि अपने पिछले कोरिया प्रवास के दौरान उन्होंने सोनहनी शहद उत्पाद का भी शुभारंभ किया था। उन्होंने कहा कि यह दूसरा उत्पाद सोनहनी की तरह ही किसानों के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में बड़ा कदम है। राज्यपाल ने कहा कि इस पहल से किसानों को बेहतर बाजार मूल्य मिलेगा और स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि प्रोटीन वर्ल्ड की इस दुनिया में कोरिया का पीनट बटर एक नायाब शुरूआत है। यह उत्पाद न केवल स्वास्थ्य के लिए उपयोगी है, बल्कि वोकल फॉर लोकल की भावना को भी सशक्त करता है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ग्रामीणों, किसानों की आर्थिक, सामाजिक इसिथति को मजबूत करने के लिए अनेक ठोस कदम उठाएं हैं। उन्होंने बताया कि इसी को ध्यान में रखते हुए पीनट बटर हनी फ्लेवर्ड का निर्माण कृषि विज्ञान केन्द्र कोरिया के तकनीकी सहयोग से किया गया है। इसका उद्देश्य किसानों को वैल्यू एडिशन के माध्यम से अधिक आमदनी दिलाना और स्थानीय संसाधनों से स्वदेशी स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद तैयार करना है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कोरिया की मिट्टी में मेहनत और नवाचार दोनों हैं। अब किसान केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि प्रसंस्करण और विपणन के माध्यम से भी आत्मनिर्भर बनेंगे। कृषि विज्ञान केन्द्र बैकुंठपुर के वैज्ञानिक कमलेश सिंह ने बताया कि यह पिन्ट्स बटर शत-प्रतिशत प्राकृतिक मूंगफली और शुद्ध शहद से तैयार किया गया है। इसमें कोई कृत्रिम रंग, फ्लेवर या प्रिजर्वेटिव नहीं मिलाया गया है। 125 ग्राम की आकर्षक पैकिंग में उपलब्ध यह उत्पाद पूरी तरह स्वदेशी और स्वास्थ्यवर्धक है। उन्होंने पोषण संबंधी मानक के बारे में बताया कि प्रति 100 ग्राम में करीब 600 किलो कैलोरी, 22-25 ग्राम प्रोटीन, 30-35 ग्राम काबोर्हाइड्रेट, 18-20 ग्राम प्राकृतिक शर्करा, 45-50 ग्राम हेल्दी फैट, 3-4 ग्राम फाइबर तथा कैल्शियम, आयरन और विटामिन ई से भरपूर है।



# 19 इंजेक्शन, 20 टैबलेट के साथ दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

चिरमिरी पुलिस ने नशे के अवैध कारोबारियों पर कड़ा प्रहार किया है। पुलिस ने नशा विरोधी अभियान के तहत ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए हल्दीबाड़ी के हिरागिर दफाई से दो आरोपियों को नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में प्रतिबंधित इंजेक्शन और टैबलेट जब्त किए हैं। यह कार्रवाई पुलिस को मिली पुख्ता सूचना के आधार पर की गई, जिसके बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। चिरमिरी पुलिस के अनुसार वे लगातार नशे के कारोबार में सम्मिलित लोगों की धरपकड़ कर रहे हैं। इसीक्रम में पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि हीरागिर दफाई में दो लोगों द्वारा नशीली दवाओं का अवैध कारोबार चलाया जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई और तत्काल बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान पुलिस ने दोनों संदिग्धों को पकड़ा और उनकी तलाशी ली। आरोपियों के पास से 19 नग नशीले इंजेक्शन और 20 नग नशीली टैबलेट बरामद की गईं, जिन्हें जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के विरूद्ध नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। मामले की विवेचना जारी है। इस संबंध में थाना प्रभारी का कहना है कि पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में अवैध नशीली पदार्थों के खिलाफ यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।





### सर्पदंश से गंभीर ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** सर्पदंश से गंभीर हुए ग्रामीण की उपचार के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बलरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचावल निवासी अनिल नागवंशी आ. शिवा नागवंशी (33 वर्ष) पिछले सोमवार की सुबह खेत में काम करने गया था। इसी दौरान जहरीले सांप ने उसे डंस लिया। परिजन उसे तत्काल बलरामपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां कुछ दिनों तक इलाज चलने के बाद चिकित्सकों ने उसके स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर गत दिन रेफर कर दिया। रविवार को परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# दुकानदारों के बीच खूनी संघर्ष, 7 पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

■ 4 हिरासत में, एक गंभीर घायल

जिला मुख्यालय एमसीबी में सोमवार की देर शाम शहर के मध्य स्थित पुराने नगर पालिका कार्यालय के पास दो दुकानदारों के बीच हुए मामूली विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया।

दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, इसमें एक व्यापारी के सिर में गंभीर चोट आई है। घायल व्यापारी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रिफर कर दिया गया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बाजार क्षेत्र में स्थित कई दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। वहीं झगड़े का वीडियो फुटेज भी सामने आया है, इसमें दोनों पक्षों को एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और अन्य वस्तुओं से हमला करते हुए देखा जा सकता है। घटना की जानकारी मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों के चार आरोपियों को हिरासत में लिया है, जबकि तीन अन्य आरोपी अब भी फरार बताए शेष पेज 4 पर



### चुनावी कार्यक्रम घोषित, अंतिम सूची का प्रकाशन 23 को

# जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव 31 को, नामांकन प्रक्रिया कल से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला अधिवक्ता संघ बैकुंठपुर का चुनाव वर्ष 2025 के लिए चुनावी कार्यक्रम की तिथि चुनाव अधिकारी द्वारा घोषित कर दी गई है और इसकी सूचना संघ के सूचना पटल पर चस्पा कर दिया गया है।

जिला अधिवक्ता संघ निर्वाचन के लिए चुनाव अधिकारी से मिली जानकारी के जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित अन्य पदों के लिए नामांकन पत्र प्राप्त करने की तिथि 9,10 एवं 13 को अक्टूबर को दोपहर 2 से 4 बजे तक, नामांकन पत्र चुनाव अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करन की तिथि 14 अक्टूबर को दोपहर 2 से 4 बजे तक, नामांकन पत्रों के संबंध में दावा आपत्ति चुनाव अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय 15 अक्टूबर को दोपहर 2 से 4 बजे तक, नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों के प्रकाशन की तिथि 16 अक्टूबर को निर्धारित हैं, वहीं नामांकन पत्र वापसी की तिथि 17 अक्टूबर को 2 से 4 बजे तक है तथा उम्मीदवारों के अंतिम सूची का प्रकाशन 23 अक्टूबर को 3 बजे किया जाएगा।




### माहांत में होगा मतदानऔर परिणाम

जिला अधिवक्ता संघ बैकुंठपुर के विभिन्न पदाधिकारियों का चुनाव की तिथि 31 अक्टूबर को होगा। इस दिन दोपहर 12:30 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक अधिवक्ता संघ के सदस्य संघ के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित अन्य पदों के लिए मतदान करेंगे। मतदान समाप्ति के पश्चात इसी दिन मतपत्रां की गणना की जाएगी तथा चुनाव परिणाम भी घोषित कर दी जाएगी।

### एक अध्यक्ष व दो उपाध्यक्ष होंगे

जिला अधिवक्ता संघ बैकुंठपुर के चुनाव 2025 के चुनाव के लिए इस बार अध्यक्ष पद मुक्त हैं, वहीं दो उपाध्यक्ष पद में से एक पद महिला के लिए आरक्षित है, इसके अलावा एक सचिव पद मुक्त, एक सह सचिव मुक्त, एक कोषाध्यक्ष मुक्त,एक सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव मुक्त,एक ग्रंथालय सचिव मुक्त तथा 6 कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव किया जाएगा, इनमें एक पद महिला उम्मीदवार के लिए आरक्षित किया गया है।

### पदाधिकारियों के लिए अर्हता

चुनाव अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव के लिए सभी पदों के उम्मीदवारों की अर्हता भी निर्धारित की गई। मिली जानकारी के अनुसार जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पद लिए कम से कम 15 वर्षो का अधिवक्ता संघ में सदस्यता होना आवश्यक है, वहीं उपाध्यक्ष तथा सचिव के लिए 7 वर्षो का, सह सचिव व कोषध्यक्ष के लिए 5 वर्ष, ग्ंरथालय सचिव के लिए 5 वर्ष तथा कार्यकारिणी सदस्य के लिए कम से कम 4 वर्ष अधिवक्ता संघ में सदस्यता होना जरूरी है। प्रत्येक पदो के नामांकन के लिए शुल्क भी निर्धारित किया गया है।

# महाविद्यालय में रक्तदान स्वास्थ्य जांच शिविर




**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में मंगलवार को रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस और रेडक्रॉस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर से आई टीम ने छात्राओं को स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक जानकारियां दीं। स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. मनीषा कंवर ने महिलाओं में पोषण की कमी से होने वाली बीमारियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने संतुलित आहार शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप



### शिविर में 20 छात्र-छात्राओं ने किया रक्तदान

**बिहारपुर।** शासकीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य रंजीत कुमार सातपुते के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस एवं रेड रिबन संगठन के जिला संयोजक धीरेंद्र कुमार जायसवाल की उपस्थिति में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कॉलेज के 20 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों एवं अध्यापको ने रक्तदान के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया तथा कहा कि आज के दौर में रक्तदान एक पुनीत कार्य है जो न केवल जरूरतमंद की जान बचाता है बल्कि दानकर्ता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होता है। शिविर को छात्र दीपक तिवारी ने रक्तदान कर प्रारंभ किया। प्राचार्य श्री सातपुते ने कहा रक्तदान सबसे बड़ा दान है। यह मानवता की सेवा का सर्वोत्तम उदाहरण है। हर व्यक्ति को जीवन में कम से कम एक बार रक्तदान जरूर करना चाहिए। धीरेंद्र कुमार जायसवाल ने कहा कि आज के युवा समाज में जागरूकता लाने की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहे है। रक्तदान न केवल मानवता की भावना को जीवित रखती है। बल्कि इससे जरूरतमंदों को जीवनदान भी मिलता है। अंत में महाविद्यालय प्रशासन द्वारा रक्तदाताओं एवं चिकित्सा कर्मियों को सम्मानित किया गया।

### रुद्र महायज्ञ के आयोजन को लेकर बैठक



**शंकरगढ़।** बचवार में स्थित दुर्गा पंडाल परिसर में आगामी माह में रुद्र महायज्ञ एकादशी कुंडीय यज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारी को लेकर स्थानीय बचवार में बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन समिति एवं नगर के नागरिक शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन 7 नवम्बर शीर्ष अगहन तिथि, द्वितीय दिन किया जाएगा। इसके पश्चात यज्ञ प्रारंभ 22 दिसम्बर पौष शुक्ल पक्ष, द्वितीय दिन से होगा। यज्ञ की पूर्णाहुति एवं समापन समारोह 28 दिसम्बर को संपन्न किया जाएगा। समस्त धार्मिक कार्यक्रम श्रीमद् जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी अनुरागी महाराज अयोध्या धाम के सानिध्य में संपन्न होगा। आयोजन समिति ने श्रद्धालु एवं नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रुद्र महायज्ञ के पुण्य लाभ अर्जित करने कहा है।

### वरिष्ठ नागरिक संघ की बैठक में कार्यकारिणी में हुआ संशोधन

**रामानुजनगर।** वरिष्ठ नागरिक संघ नगर की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संघ की कार्यकारिणी में आवश्यक संशोधन करते हुए एनएस ठाकुर को सचिव तथा लक्ष्मी नारायण दुबे को कोषाध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। यह निर्णय पूर्व सचिव परशुराम तिवारी के अस्वस्थ हो जाने के कारण लिया गया। बताया गया कि श्री तिवारी को लकवा से पीड़ित हो जाने के कारण वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में असमर्थ हो गए हैं, जिसे देखते हुए संगठन ने यह निर्णय लिया। बैठक में संघ के विश्वनाथ पटेल, उमाकांत द्विवेदी, भोला प्रसाद पटेल, आरएस मिश्रा, एसके तिवारी, महेश प्रताप राजवाड़े, गणेश्वर प्रसाद, हरकेश्वर प्रसाद साहू, नागेंद्र उपाध्याय, सालेश्वरम सिंह, गोपाल सिंह, सुबरन पटेल, महेश खोडियार, एनएस ठाकुर, लक्ष्मी नारायण दुबे सहित अन्य उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्ति पर ड्रेसर को दी गई विदाई




**सीतापुर।** विगत दो दशक से भी ज्यादा समय तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्रेसर ग्रेड 1 के पद पर कार्यरत कमलेश कुमार त्रिपाठी को सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई।स्वास्थ्य केंद्र के सभाकक्ष में आयोजित विदाई समारोह में बीएमओ डॉ. एसएन पैंकरा ने शाल श्रीफल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान कमलेश कुमार त्रिपाठी ने अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। इस दौरान लेखापाल देवीदयाल सिंह चौधरी के अथक प्रयासों से तैयार किया गया पेंशन अदायगी आदेश एवं सम्मान पत्र उन्हें प्रदान किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जीआर कुर्रे, डॉ. अमोष किंडो, डॉ. संयोगिता पैंकरा, डॉ. नीरज कुशवाहा, डॉ. संदीप त्रिपाठी, सुरेश यादव, चेतन राठिया, देवदत्त राम, बलभद्र सिंह ठाकुर, हरि यादव, विजय पैंकरा, प्रतिमा गुप्ता, मंजू मिश्रा, सुनीता गुप्ता, विनोद टोप्पो आदि उपस्थित थे।

### दशहरा का मेला देखने आए युवक की बाइक चोरी

**बिश्रामपुर।** दशहरा प्रांगण के समीप बाईक खड़ी कर दशहरा का मेला देखने गए गोविंदपुर कुमदा कॉलोनी निवासी प्रार्थी युवक दिलीप कुमार सिंह पिता रामध्यान सिंह की हीरो पैशन प्रो बाइक क्रमांक बीआर 26 एम 9751 को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है,घटना दो अक्टूबर रात्रि करीब साढ़े दस बजे की बताई गई है, रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर आरोपियों की पता तलाश में जुटी है।

## पिछले साल समितियों द्वारा खरीदी गई थी कृषकों की उपज

# ऑनलाइन गिरदावरी से शासकीय पट्टा वन अधिकार धारक किसान वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

इस बार धान विक्रय के लिए राजस्व अमले द्वारा किसानों के खेत में लगाई गई फसलों का ऑनलाइन गिरदावरी किया जा रहा है। ऑनलाइन गिरदावरी में शासकीय पट्टा एवं वन अधिकार धारक किसानों की गिरदावरी नहीं की जा रही है जिससे किसान भयभीत हैं तथा उन्हें पंजीयन के अभाव में धान विक्रय से वंचित होने का भय सता रहा है।

**खास बात**
- गिरदावरी नहीं होने से हजारों किसान परेशान

शासन द्वारा इस बार भी धान विक्रय के पूर्व गांव-गांव में किसानों के रकबे एवं फसल की स्थिति का सर्वे किया जा रहा है। राजस्व अमला हर किसान के खेत में लगाई गई फसल का आंकलन करता है जिसके आधार पर समितियों द्वारा धान की खरीदी की जाती है। इस बार गिरदावरी को पारदर्शी बनाने के साथ ही किसानों की भूमि उपयोग की सटीक जानकारी एकत्रित करने ऑनलाइन गिरदावरी की जा रही है। राजस्वकर्मी अपने कार्यक्षेत्र के गांवों का भ्रमण कर हर किसान के रकबे एवं भूमि उपयोग की जानकारी ऑनलाइन अपलोड कर रहे हैं। ऑनलाइन गिरदावरी की शुरूआत अगस्त में की गई थी जो अभी भी जारी है। सहकारी समितियों द्वारा पूर्व की तरह इस बार भी पंजीकृत किसानों की सूची आगामी खरीदी के लिए अपलोड किया जाएगा तथा गिरदावरी के अनुसार धान की खरीदी की जाएगी। ऑनलाइन गिरदावरी से किसानों को अपनी भूमि एवं फसल उपयोग की जानकारी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। किसान इस संबंध में स्वयं भी पूरी जानकारी ले सकेंगे। ऑनलाइन गिरदावरी के माध्यम से किसानों के भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण भी किया जा रहा है। अभी ऑनलाइन गिरदावरी का कार्य पूरा नहीं हुआ है न ही समितियों द्वारा ही पूर्व में पंजीकृत किसानों की सूची को आगामी खरीदी के लिए अद्यतन किया गया है। ऑनलाइन गिरदावरी में शासकीय पट्टाधारक एवं वन अधिकार पत्र धारक किसानों के रकबे की गिरदावरी नहीं की जा रही है जिससे बड़ी संख्या में किसान परेशान हैं तथा कृषकों को आगामी खरीदी के लिए पंजीयन नहीं होने का भय सता रहा है।



धान की फसल।

### अब तक नहीं हुई गिरदावरी

शासन द्वारा बड़ी संख्या में किसानों को राजस्व भूमि का पट्टा एवं वन अधिकार पत्र जारी किया गया है। पूर्व में समितियों द्वारा ऐसे किसानों की फसल की गिरदावरी की गई थी साथ ही समितियों द्वारा पंजीयन उपरांत धान की खरीदी भी की गई थी। ऑनलाइन गिरदावरी में ऐसे किसानों के रकबे में लगाई गई फसलों की जानकारी अपलोड नहीं की जा रही है जिससे किसानों को धान खरीदी से वंचित होने का भय सता रहा है। इस संबंध में न तो किसानों को राजस्वकर्मी न ही कृषि अधिकारी ही कुछ स्पष्ट जानकारी दे रहे हैं।

### हजारों किसान होंगे प्रभावित

शासन द्वारा जिलेभर के किसानों को शासकीय पट्टा एवं वन अधिकार पत्र प्रदान किया गया है। हर सहकारी समिति के कार्यक्षेत्र अंतर्गत ऐसे लगभग 400 से अधिक किसान हैं जो शासकीय पट्टे एवं वन अधिकार की भूमि की उपज बेच रहे हैं। धान विक्रय से किसानों को अच्छी आमदनी होती है। ऑनलाइन गिरदावरी के अभाव में न तो धान विक्रय के लिए किसानों का पंजीयन हो सकेगा न ही वे अपनी फसल समितियों में बेच सकेंगे। ऐसे कृषकों में अधिकांश जनजाति समाज के सीमांत कृषक है।

### अब की जा रही गिरदावरी

अब शासकीय पट्टा एवं वन अधिकार पत्र धारकों के रकबे की भी ऑनलाइन गिरदावरी की जा रही है। शासकीय पट्टा व वन अधिकार पत्र धारक स्वयं अपने मोबाइल अथवा सीएसी के माध्यम से अपने रकबे की गिरदावरी कर सकते हैं। हलका पटवारी के अनुमोदन उपरांत इसे सॉफ्टवेयर में अपलोड कर दिया जाएगा। किसानों को कोई परेशानी नहीं होगी।

-पीएस दीवान
सहायक संचालक, कृषि



## जीएसटी 2.0 रिफार्म व आत्मनिर्भर भारत संकल्प को लेकर सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लागू किए गए जीएसटी 2.0 रिफॉर्म से किसानों, व्यापारियों, मध्यमवर्ग एवं आमजन को राहत और सहारा मिलने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा स्तरीय व्यापारी सम्मेलन व आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान भाजपा कार्यालय अटल कुंज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी के मुख्य आतिथ्य, जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी की अध्यक्षता व वरिष्ठ भाजपा नेता भीमसेन अग्रवाल, रामकृपाल साहू, बाबूलाल अग्रवाल, मुकेश गर्ग के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

- व्यापारी व्यवसाय के साथ समाज व राष्ट्र निर्माण में निभा रहे अहम भूमिका

विधायक श्री मरावी ने कहा कि टैक्स व्यवस्था कोई नई नहीं है, यह प्राचीन काल से समाज और राष्ट्र के संचालन का आधार रही है। राजा-महाराजाओं के समय से टैक्स लिया जाता था ताकि जनता के कल्याण और राज्य के संचालन के लिए संसाधन उपलब्ध हो सकें।कांग्रेस के शासनकाल में टैक्स प्रणाली बेहद जटिल और असंगठित हो गई थी, जिसने व्यापारी वर्ग और आम जनता को बोझ तले दबा दिया। जिलाध्यक्ष श्री सोनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पांच स्लैब को घटाकर दो स्लैब कर टैक्स को बेहद सरल, पारदर्शी और व्यावहारिक बनाया है। आज व्यापारी केवल व्यवसाय नहीं कर रहा, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण में भी अहम भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम को भाजपा नेता भीमसेन अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृपाल साहू, बाबूलाल अग्रवाल, जीएसटी के संभागीय संयोजक मुकेश गर्ग, जिला संयोजक शशिकांत गर्ग ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अशोक सिंह व आभार प्रदर्शन जिला मंत्री राजेश्वर तिवारी ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र के व्यापारी उपस्थित थे।

### पुत्र ने पिता पर बेलचा से किया हमला, मौत

**अम्बिकापुर।** शराब के नशे में धुत्त पुत्र ने पिता पर बेलचा से सिर पर प्राणघात हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार प्रेमनगर थाना अंतर्गत ग्राम लक्ष्मीपुर निवासी उजियार आ. स्व. भूखल (50 वर्ष) 4 अक्टूबर को गांव में ही दशरथ के यहां करमा त्यौहार मनाने पुत्र बैगा राम व सज्जन के साथ गया था। रात में सभी खाना पीना कर नाचे गाए। सुबह बैगा राम व सज्जन घर आ गए। इसी बीच सज्जन शराब के नशे में मां से विवाद करने लगा जिसे देख भाई ने शांत रहने समझाया लेकिन वह नहीं माना तो बैगा राम पिता को बुलाने चला गया। कुछ समय बाद पिता उजियार डंडा लेकर आने लगा तो पुत्र पिता के हाथ में डंडा देख घर के छानी पर चढ़ गया और वहां से उतरने के पश्चात बेलचा से पिता के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुए ग्रामीण को परिजन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## धनवार आरटीओ बेरियर में घुसकर कर्मचारियों से मारपीट, पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

धनवार आरटीओ बेरियर में घुसकर शासकीय कर्मचारियों से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने इस प्रकरण में एक नाबालिग समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

- पूर्व में हुआ था विवाद, आवासीय परिसर में घुस गए थे आरोपी

बताया जा रहा है कि 4 अक्टूबर को चन्दन यादव, कैलाश यादव, उपेन्द्र उर्फ गोलू समेत आधा दर्जन से अधिक अचानक ही रात को धनवार आरटीओ बेरियर में घुस आए थे। इस दौरान उन्होंने बेरियर में मौजूद उप निरीक्षक भूषण ध्रुव, सिद्धार्थ पटेल, प्रधान आरक्षक कौशल साहू से गाली गलौज करने लगे। उन्होंने परिवहन उप निरीक्षक भूषण ध्रुव, चालक ओमप्रकाश राजवाड़े से मारपीट कि। इसके साथ ही आवासीय परिसर में घुसकर कर्मचारियों से गाली गलौज की। इसके बाद आरोपी परिवहन निरीक्षक महेंद्र सिंह कुलदीप के रूम में घुस गए और शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए निरीक्षक से मारपीट की। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बाग़ निकले जिसके बाद उन्होंने घटना की शिकायत पुलिस से की। घटना की जांच के दौरान यह बात सामने आई कि 1 अक्टूबर को चन्दन यादव और पिकअप चालक ने तेज गति से वाहन हलाते हुए पिकअप को बेरिकेट के ऊपर चढा दिया था जिसे लेकर आरोपियों और आरटीओ बेरियर के कर्मचारियों के बीच विवाद हुआ था लेकिन बाद में बाद में मामले को शांत करा दिया गया। इसी घटना का बदला लेने के लिए 4 अक्टूबर को उपेन्द्र यादव, कैलाश यादव, चंदन यादव एवं अन्य पांच लोग स्कार्पीयो एवं बाईक से आरटीओ कार्यालय एवं आवासिय परिसर घुसकर मारपीट की। इस घटना में पुलिस के एक अपचारी समेत बसंतपुर निवासी 42 वर्षीय कैलाश यादव आ. स्व. जितेन्द्र प्रसाद यादव, प्रेमनगर निवासी 25 वर्षीय उपेन्द्र उर्फ गोलू यादव आ. सहदेव यादव, बसंतपुर निवासी 32 वर्षीय रंजन रवि आ. सितलाल रवि राम, जमई निवासी 20 वर्षीय अर्जुन यादव आ. शिवकुमार यादव को बीएनएस की धारा 121, 132, 221, 191 (2), 296, 331 (6) के तहत गिरफ्तार कर लिया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी बंसतपुर जितेन्द्र सोनी, रघुनाथ सिंह मरावी, धनसिंह सांडिल्य, पंकज पोर्ते, विवेक कुमार, अनिल पण्डयार शामिल रहे।



## साइबर ठग गिरफ्तार, सीएससी सेंटर से हस्तांतरित होता था ठगी का पैसा

**राजपुर।** म्यूल अकाउंट के माध्यम से साइबर ठगी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार राजपुर निवासी विशाल पैकरा के विभिन्न बैंकों में संचालित खातों के लेनदेन की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान आरोपी विशाल पैकरा के तीन बैंक खातों से कुल 9 लाख 45 हजार 787 रुपए के अवैध लेनदेन की पुष्टि हुई थी।

इस मामले में पुलिस ने पूर्व में ही विशाल पैकरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस साइबर ठगी के मामले में पुलिस मुख्य आरोपी मनेन्द्रगढ़ चैनपुर निवासी आशीष वर्मा आ. यज्ञनारायण वर्मा की तलाश कर रही थी। पुलिस ने आरोपी आशीष वर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी आशीष और विशाल ने मिलकर अलग अलग राज्यों में ठगी की वारदात को अंजाम दिया और ठगी के रुपए को बैंक में मंगवाया जाता था और जहां विशाल पैकरा अपना कमीशन काटकर शेष रुपए सीएससी सेंटर में क्यूआर कोड के माध्यम से आशीष के खाते में हस्तांतरित कर देता था।



### ट्रैक्टर में लगे कैच व्हील को लेकर परिवहन विभाग सख्त

**अम्बिकापुर।** ट्रैक्टरों के पहिए में लगे कैच व्हील को लेकर परिवहन विभाग न सिर्फ सख्त हो गया है बल्कि आज ग्रामीण क्षेत्र में जांच कर ट्रैक्टरों के पहिए से कैच व्हील को निकलवा। साथ ही वाहन मालिकों को कैच व्हील नहीं लगाए की समझाइश दी है। ट्रैक्टर के पहिये में कैच व्हील लगाकर चलाने से सार्वजनिक सड़कों को क्षति पहुंचती है जिसके कारण हादसों की आशंका भी बढ़ जाती है। इसके सम्बंध में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका भी लगाई गई है। इस सम्बंध में परिवहन विभाग द्वारा सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में ट्रैक्टरों का जांच अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विनय सोनी ने बताया कि ट्रैक्टरों मे लगाए गए कैच व्हील के संबंध में विभिन्न ग्रामों में जागरूकता शिविर लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज ग्राम पंचायत चठिरमा में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जहां ग्रामीणों को कैच व्हील लगाकर ट्रैक्टर चलाने से होने नुकसान के बारे में बताया गया। साथ ही कैच व्हील लगे वाहनों से कैच व्हील को हटवाया गया। परिवहन अधिकारी विनय सोनी ने बताया कि चेकिंग के दौरान यदि कोई वाहन कैच व्हील लगाकर चलता पाया गया तो उस पर नियमानुसार चलानी कार्यवाही की जाएगी।



## स्वच्छता को लेकर एसईसीएल और नपं की संयुक्त रणनीति कागजों में सिमटी



वार्ड मे पसरी गंदगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत व एसईसीएल बिश्रामपुर के बीच स्वच्छता व्यवस्था को लेकर लंबे समय से चल रही तनातनी के बाद गत दिनों अगस्त महीने में हुए बैठक उपरांत प्रतिमाह बैठक का निर्णय केवल कागजी कार्रवाई बनकर रह गई है। मैदानी स्तर पर आमजन को आज भी गंदगी के बीच जीवनयापन करने विवश होना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर गत दिनों अगस्त महीने में नपं बिश्रामपुर सभाकक्ष में नगर पंचायत और एसईसीएल प्रबंधन की संयुक्त बैठक आयोजित हुई थी, जिसमें कई अहम फैसले लिए गए थे बैठक में तय हुआ था कि अब हर महीने दोनों प्रबंधन की संयुक्त बैठक होगी और नगर विकास व मूलभूत सुविधाओं को लेकर साझा रणनीति बनाई जाएगी,इसके लिए एक संयुक्त टीम का गठन भी किया जाएगा,जो कॉलोनियों की सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों पर नजर रखेगी,ज्ञात हो कि नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष निर्मला यादव द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर उल्लेख किया गया था कि नगर पंचायत बिश्रामपुर में साफ सफाई कार्य के लिए नगर पंचायत एवं एसईसीएल प्रबंधन दोनों की जिम्मेदारी है, नगर पंचायत बिश्रामपुर द्वारा तो संपूर्ण निकाय क्षेत्र में कार्ययोजना बनाकर सफाई कार्य किया जा रहा है, लेकिन एसईसीएल प्रबंधन साफ सफाई के नाम पर नगर में केवल खानापूर्ति कर रहा है, एसईसीएल द्वारा प्रति वर्ष टेण्डर पद्धति से कई लाख रुपये की राशि निविदा निकालकर ठेकेदारों को साफ सफाई का कार्य दिया जाता है, किन्तु एसईसीएल प्रबंधन द्वारा स्वच्छता के नाम पर लाखों रुपए का फर्जीवाड़ा किया जा रहा है, कालोनियों में पर्याप्त सफाई हेतु लगभग 28 कर्मचारी लगाना निर्धारित है, परन्तु उनके द्वारा कालोनियों में महज कुछ ही कर्मचारी लगाकर साफ सफाई की कोरम पूर्ति की जाती है, नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष निर्मला यादव का सुझाव था कि एसईसीएल सफाई कार्य का जिम्मा नगर पंचायत को सौंप दें और भुगतान भी सीधे नगर पंचायत को करें ताकि काम सुचारू रूप से हो सके,यदि नहीं दिया जाता है तो प्रतिवर्ष सफाई के नाम पर जो एसईसीएल प्रबंधन द्वारा बड़ी रकम का टेण्डर निकाला जाता है उसे व्यवस्थित रूप से संचालित किया जाए, जिससे नगर में सफाई हेतु किसी भी प्रकार से परेशानी न हो,नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष के पत्र पर मुख्यमंत्री द्वारा सूरजपुर कलेक्टर को निर्देशित किया गया था कि नपं बिश्रामपुर व एसईसीएल प्रबंधन की संयुक्त बैठक कराकर समस्या का निराकरण कराया जाए,इसी तारतम्य में अगस्त महीने में कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश पर लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा की उपस्थिति में एसईसीएल प्रबंधन व नपं बिश्रामपुर की संयुक्त बैठक नपं के सभाकक्ष में की गई थी।

- वार्डों में जगह-जगह कचरे का अम्बार

## ग्रामीण बैंक केवरा में नहीं है पेयजल की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत केवरा में स्थित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में बैंक प्रबंधन की लापरवाही का खामियाजा बैंक आने वाले लोगों को भुगतना पड़ रहा है। बैंक परिसर में पानी की व्यवस्था नहीं होने से लोग दुकानों से पानी का बंद बोतल खरीदने को मजबूर है। बैंक में दूर दराज से लोग अपने अपने विभिन्न कार्यों को लेकर रोज पहुंचते है।

- दुकानों से पानी का बंद बोतल खरीद कर पीने को मजबूर

बैंक में लोगों भीड़ लगी रहती है। कभी-कभी तो ग्रामीणों को कई कई घंटे बैंक में ही बिताना पड़ता है लेकिन बैंक परिसर में कहीं पर पेयजल की सुविधा नहीं किया गया जिससे आने वाले ग्रामीण हितग्राहियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में किसी ग्रामीणों की अचानक तबीयत खराब हो गई और उसे पानी की जरूरत पड़ी तो लोग पानी ढूंढते ही रह जाएंगे। जबकि बैंक में कई तरह से लोग आया करते हैं जिसमें वृद्ध महिला, बुजुर्ग, समूह की महिलाएं बच्चे होते है। काफी समय तक बैंक में रहने से प्यास लगने पर लोगों को पानी समय पर उपलब्ध नहीं होता जिससे लोग पेयजल के लिए परेशान होते है। लोगों ने बैंक परिसर में पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है।

### प्रवीण बने सामरी विधायक के प्रतिनिधि



**राजपुर।** बलरामपुर जिले के सामरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने राजपुर निवासी प्रवीण अग्रवाल को सामरी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 8 का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। प्रवीण अग्रवाल वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। विधायक प्रतिनिधि के रूप में उन्हें क्षेत्र के विकास कार्यों, जनसमस्याओं के समाधान और जनसंपर्क से संबंधित जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

## कांग्रेस सह प्रभारी की मौजूदगी में भरवाए गए समर्थन पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी श्रीमती जरिता लैतफलांग की मौजूदगी में कांग्रेस ने बरियों चारपारा में आम सभा का आयोजन किया। इस दौरान वोट चोरी को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस ने डोर-टू-डोर अभियान भी चलाया गया जिसमें नागरिकों को मतदाता सूची में गड़बड़ी और वोट चोरी के मामलों से अवगत कराते हुए अभियान के समर्थन में शपथ पत्र भरवाए गए।

- वोट चोरी के खिलाफ चलाया गया अभियान




कार्यक्रम के दौरान सह प्रभारी श्रीमती लैतफलांग ने निर्वाचन आयोग पर पक्षपाती रवैया अपनाने और भाजपा को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एक ही मकान नंबर पर सैकड़ों नाम दर्ज किए जा रहे हैं और एक ही व्यक्ति का नाम अलग-अलग स्थानों पर शामिल किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं की नाराजगी पर प्रतिक्रिया देते हुए फलांग ने कहा कि यदि किसी को मंच या सम्मान नहीं मिलता तो घर बैठने से बेहतर है संगठन का हाथ थाम कर अपनी नाराजगी दूर करें। संगठन तभी मजबूत होगा जब हर हाथ एक-दूसरे का सहारा बने। जिला कांग्रेस अध्यक्ष केपी सिंहदेव, पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम सहित कई नेताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया। मंच संचालन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील सिंह और आभार प्रदर्शन जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी रामदेव राम ने किया।

कार्यक्रम के तहत शंकरगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय पैकरा के नेतृत्व में लगभग 1700 फार्म और जिलेभर से कुल 2000 फार्म भरकर प्रदेश सह प्रभारी को सौंपे गए। फलांग ने बताया कि सरगुजा, रायगढ़ और बिलासपुर संभाग में बलरामपुर पहला जिला है, जहां से यह अभियान औपचारिक रूप से शुरू हुआ है। इस दौरान राजेंद्र तिवारी, विष्णु सिंहदेव, विजय पैकरा, विवेक सिंहदेव, लालसाय मिंज, पूरनचंद्र जायसवाल, राम बिहारी यादव, राजेंद्र सोनी, राजेंद्र श्रीवास्तव, हरि किशुन पैकरा, बृजेश मिश्रा, सुनील भगत, मो. नियाज, नीरज अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।



# टॉक्सिक में काम करने पर उत्साहित हैं अक्षय

**मुंबई।** अभिनेता अक्षय ओबेरॉय हाल ही में फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आए हैं। यह फिल्म इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। अब अक्षय ने फिल्म टॉक्सिक में साउथ सुपरस्टार यश के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात की। उन्होंने टॉक्सिक का हिस्सा होन पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी फिल्म में काम करने का मौका मिलने के अलावा मुझे निर्देशक गीतू मोहनदास के साथ काम करके बहुत अच्छा लगा। मुझे उनकी पिछली फिल्में भी बहुत पसंद आई हैं। मुझे लगता है कि वह मेरी पसंदीदा निर्देशकों में से एक हैं, जिनके साथ मैंने अब तक काम किया है।

## लाइफ Style

# रश्मिका

## अचानक हुई थी 'तुम मेरे न हुए' गाने की शूटिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ फिल्मों की चर्चित अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का हाल ही में एक गाना रिलीज हुआ 'तुम मेरे न हुए', जिसने काफी चर्चा बटोरी। आपको बताते चलें कि ये उनकी आगामी फिल्म 'थामा' का सॉन्ग का था। रविवार के दिन एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर गाने से जुड़ी कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए सॉन्ग के बारे में दिलचस्प किस्सा साझा किया है।

रश्मिका मंदाना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपनी आगामी फिल्म का गाना 'तुम मेरे न हुए' के कुछ पलों को साझा किया है। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'इस गाने के पीछे की कहानी यह है कि हम लगभग 10-12 दिनों से एक बहुत ही आश्चर्यजनक स्थान पर शूटिंग कर रहे थे। आखिरी दिन हमारे निर्माता और निर्देशक को अचानक एक शानदार विचार आया, जहां उन्होंने कहा, 'रुको, हम यहां एक गाना क्यों नहीं शूट करते। यह एक शानदार लोकेशन भी है।' मैंने कहा क्यों नहीं और लगभग 3-4 दिनों में हमने यह सब संभव कर लिया।' अभिनेत्री ने आगे कहा, अंत में हम इसे देखकर आश्चर्यचकित थे। इसके लिए सभी डांसर्स, कॉस्ट्यूम डिपार्टमेंट, सेट के लोगों, लाइट्स डिपार्टमेंट, डायरेक्शन डिपार्टमेंट, प्रोडक्शन डिपार्टमेंट को धन्यवाद। यह गाना आपकी कड़ी मेहनत की वजह से संभव हुआ। इसके अलावा उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि सभी दर्शक गाने का आनंद ले रहे होंगे। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की थामा 2025 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह मैडॉक की हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है, जिसमें स्त्री, स्त्री 2, मुंजा और भेड़िया जैसी फिल्में शामिल हैं। 'थामा' का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।



## हॉलीवुड मसाला



# वाइस प्रिंसिपल्स सीरीज से मिली पहचान

लॉस एंजिल्स। वाइस प्रिंसिपल्स कॉमेडी सीरीज में डॉ. बेलिंडा ब्राउन की भूमिका निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री किम्बर्ली हेबर्ट ग्रेगरी का 52 वर्ष की आयु में निधन हो गया। एक्ट्रेस को फाइव फीट अपार्ट, केविन सेव्स द वर्ल्ड, 'क्रेग ऑफ द क्रीक और एचबीओ शो वाइस प्रिंसिपल्स में उनके प्रदर्शन के लिए व्यापक रूप से पहचाना जाता था। इसके अलावा वो गॉसिप गर्ल, न्यू एम्स्टर्डम, प्राइवेट प्रैक्टिस, टू एंड ए हाफ मेन और 'द बिग बैंग थ्योरी' में भी शामिल थीं। अभिनेत्री किम्बर्ली हेबर्ट ग्रेगरी के पूर्व पति-अभिनेता चेस्टर ग्रेगरी ने उनके निधन की खबर के पुष्टि की।



# परफेक्ट कपल 2 में नजर आएंगे ईशान

**लॉस एंजिल्स।** ईशान खट्टर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन में सीरीज परफेक्ट कपल की अपनी एक को-एक्ट्रेस के साथ फोटो शेयर किया। इस फोटो के शेयर करते हुए, उस पर कैप्शन लिखा, 'सीजन टू?' आगे लिखा, 'परफेक्ट कपल मिल गया।' शो के मेकर्स को भी ईशान खट्टर ने यह पोस्ट टैग की है। ईशान खट्टर अपनी पोस्ट के जरिए मेकर्स को हिंट दे रहे हैं कि सीरीज 'परफेक्ट कपल 2' करना चाहते हैं। यही ख्वाहिश उनकी को-एक्ट्रेस की भी है। बताते चलें कि अमेरिकन सीरीज 'परफेक्ट कपल(2024)' में ईशान का रोल ज्यादा बड़ा नहीं था, फिर भी वह दर्शकों को याद रह गए। इस मर्डर मिस्ट्री सीरीज को सुजैन बियर ने निर्देशित किया था। निकोल किडमैन जैसी हॉलीवुड की नामी एक्ट्रेस के साथ ईशान को एक्टिंग करने का मौका सीरीज परफेक्ट कपलमें मिला।



# शिरडी वाले साईं बाबा के किए दर्शन...

**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'केडी द डेविल' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच आज शिल्पा ने शिरडी वाले साई बाबा के दर्शन की शानदार तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। इस दौरान शिल्पा के साथ उनकी बहन शमिता शेट्टी भी नजर आईं। शिल्पा शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शिरडी वाले साई बाबा के दर्शन की भक्तिपूर्ण तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में शिल्पा साई बाबा को निहारती नजर आ रही हैं, तो किसी तस्वीर में शिल्पा बाबा के चरणों का आशीर्वाद लेती नजर आ रही हैं। इन सभी तस्वीरों में शिल्पा के साथ उनकी बहन और एक्ट्रेस शमिता शेट्टी भी नजर आ रही हैं। इन लाजवाब तस्वीरों के साथ शिल्पा ने कैप्शन में लिखा, 'उसका समय हमेशा सही होता है। इस पर विश्वास करें, इसे अनुमति दें।



# 'कजरारे' पर कम पैसे मिले तो भड़क गई थीं

**मुंबई।** बंटी और बबली का गाना 'कजरारे' आज भी बॉलीवुड डीजे नाइट्स में धूम मचाता है। इस गाने को अलीशा चिनॉय ने गाया था और ऐश्वर्या पर उनकी आवाज काफी सूट भी की। गाने से जुड़ी एक कॉन्ट्रोवर्सी भी सुर्खियों में रह चुकी है जिसमें अलीशा और यशराज के बीच झगड़े की बात सामने आई थी। खबरें थीं कि वाईआरएफ ने इस गाने के बदले अलीशा को काफी कम पैसे दिए थे जो उन्होंने वापस कर दिए थे। इस मामले पर अलीशा ने एक रीसेंट इंटरव्यू में बात की है। अलीशा बोलीं, 'मेरे सफल होने के बाद भी उन लोगों ने मुझे कम पैसे दिए थे। कजरारे पर बहुत बवाल हुआ थ, क्योंकि मैं बहुत-बहुत नाराज थी। दरअसल मैं हर्ट और अपसेट थी। मुझे लग रहा था कि क्या एक सिंगर की उनके लिए कोई वैल्यू नहीं थी। मैं तब बड़ा नाम थी।

## टीवी मसाला



# अविका की शादी में हिना ने निभाई जूता चुराई की रस्म

**मुंबई।** टीवी शो पति पत्नी और पंगा के सेट पर अविका और मिलिंद शादी के बंधन में बंधे हैं। अविका गौर की शादी नेशनल टीवी पर अब टेलीकास्ट हो रही है। इस शादी में कई टीवी, बॉलीवुड कपल्स शामिल हैं। एक प्रोमो वीडियो में हिना खान ने अविका की शादी में जूता चुराई की रस्म निभाई है। शो पति पत्नी और पंगा के हालिया रिलीज प्रोमो में हिना खान, मिलिंद के जूते चुराती दिखीं। इसके बाद ईशा मालवीय के साथ मिलकर उन्होंने जूतों के बदले 1 लाख रुपए की डिमांड कर दी। लंबी नोक-झोंक के बाद मिलिंद ने नेशनल टीवी पर हिना खान को 1 लाख रुपए दिए। शो 'पति पत्नी और पंगा'में शामिल कपल्स ने अविका की शादी में खूब मस्ती-मजाक किया। अविका भी दुल्हन के जोड़े में नजर आईं। वहीं, अविका और मिलिंद के फैमिली मेंबर्स भी शो के सेट पर दिखाई दिए। अविका की बात करें तो वह सीरियल बालिका वधू से टीवी पर पॉपुलर हुईं। प्रोमो के आखिर में सलमान खान भी नजर आए। वह अविका और मिलिंद की शादी से जुड़ा अपडेट फैंस को बताते हैं। सलमान खान इन दिनों 'बिग बॉस 19' को होस्ट कर रहे हैं। साथ ही वह एक फिल्म बैटल ऑफ गलवां भी कर रहे हैं।

## एल्विश को सलमान ने आते ही कर दिया रोस्ट

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 का वीकेंड का वार हर बार की ही तरह इस बार भी मजेदार रहा। जैसे ही मंच पर एल्विश यादव की एंट्री हुई, मस्ती-मजाक का माहौल हो गया। बिग बॉस ओटीटी 2 के विनर रह चुके



एल्विश इस बार एक खास टास्क लेकर शो में पहुंचे थे- 'पॉयजन एंड एंटीडोट' यानी जहर और इलाज। लेकिन, असली ट्विस्ट तब आया जब सलमान खान ने एल्विश को उसी के पुराने विवाद पर मजे लेते हुए चुटकी ले डाली। शो की शुरुआत में जब एल्विश यादव मंच पर आए, सलमान ने मुस्कुराते हुए कहा, 'आए हैं एल्विश यादव, जो सिस्टम हैंग कर देंगे।' इसके बाद एल्विश ने मजाकिया अंदाज में कहा, 'मैं घरवालों के अंदर का जहर निकालने आया हूं।' इस पर सलमान तुरंत बोले, 'विष से तो आपका पुराना नाता है।' सलमान की इस बात पर एल्विश भी मुस्कुरा कर बोले, 'काफी पुराना।' सलमान ने एक और तंज कसते हुए कहा, 'अच्छा, अब इलाज भी करने लगे हो क्या?' सलमान की यह बात उनके एल्विश यादव के स्नेक वेनम केस की ओर इशारा थी, जो कुछ महीनों पहले काफी सुर्खियों में रहा था। उस मामले में एल्विश पर एक रेव पार्टी में सांप का जहर इस्तेमाल करने का आरोप लगा था।

# यशराज की फिल्म में साथ नजर आएंगे शारवरी-अहान!

**मुंबई।** शारवरी वाघ और अहान पांडे ने निर्देशक अली अब्बास जफर की नई एक्शन-रोमांस फिल्म साइन कर ली है। अभिनेत्री शारवरी ने कथित तौर पर फिल्ममेकर अली अब्बास जफर की आने वाली इस अनाम एक्शन-रोमांस फिल्म में अहान पांडे और शरवरी वाघ की जोड़ी नजर आएगी। अहान पांडे ने अपनी फिल्म 'सैय्यारा' से बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया। वहीं शरवरी भी 100 करोड़ की हिट फिल्म 'मुंजा' का हिस्सा रहीं। दोनों ने साबित कर दिया कि अच्छा अभिनय ही लोगों को थिएटर तक खींच सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 'सैयारा' एक्टर अहान पांडे और 'मुंजा' एक्ट्रेस शरवरी वाघ यशराज फिल्म्स की आगामी एक्शन रोमांस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर करेंगे। इस फिल्म के जरिए जफर टाइगर जिंदा है के 9 साल बाद वाईआरएफ बैनर के साथ वापसी कर रहे हैं। यह एक एक्शन-रोमांस फिल्म होगी। यह फिल्म अभी बिना टाइटल है। यह आदित्य चोपड़ा और अली अब्बास जफर की पांचवीं फिल्म साथ में होगी। पहले वे मेरे ब्रदर की दुल्हन, गुंडे, सुल्तान और टाइगर जिंदा है जैसी फिल्में बना चुके हैं। सोशल मीडिया पर फैंस इस खबर से बेहद खुश हैं और शरवरी और अहान को एक साथ देखने के लिए उत्सुक हैं। तो वहीं कई फैंस शरवरी और अहान की जोड़ी को लेकर फायर इमोजी पोस्ट कर रहे हैं।



# क्राइम-थ्रिलर से लेकर एक्शन-रोमांस तक

## इस हफ्ते ओटीटी पर मिलेगा एंटरटेनमेंट का भरपूर डोज

**मुंबई।** त्योहारों के बाद का हफ्ता मनोरंजन के लिहाज से किसी भी तरह से फीका नहीं पड़ने वाला है। सिनेमाघरों से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म्स तक इस बार दर्शकों के लिए ढेरों नए ऑप्शंस मौजूद हैं। ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी की मच अवेटेड फिल्म 'वॉर 2' जहां दस्तक देने वाली है, वहीं भारत की पहली पौराणिक एनिमेटेड सीरीज भी रिलीज होने वाली है।

**वॉर 2** : आदित्य चोपड़ा के वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की छठी फिल्म 'वॉर 2' इस हफ्ते दर्शकों के बीच आ रही है। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित इस एक्शन थ्रिलर में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर आमने-सामने नजर आएंगे, जबकि कियारा आडवाणी फिल्म की लीड अभिनेत्री हैं।



कहानी में इस बार अंतरराष्ट्रीय साजिशों और रोमांचक एक्शन सीक्वेंस का जबरदस्त मेल देखने को मिलेगा। फिल्म की रिलीज डेट 9 अक्टूबर है और इसे नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा।

**द वुमन इन केबिन 10** : रुथ वेयर के मशहूर उपन्यास पर आधारित यह फिल्म एक ऐसे ट्रिप की कहानी है जो रहस्यमय मोड़ ले लेता है। सिमोन स्टोन के निर्देशन में बनी इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर में कीरा नाइटली और गाइ पियर्स लीड रोल में हैं। फिल्म की कहानी दर्शकों को रहस्य, डर और दिमागी उलझनों की गहराई में ले जाएगी। ये फिल्म 9 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है।

**सर्चः द नैना मर्डर केस** : डेनिश शो 'द किलिंग'से प्रेरित यह भारतीय अडैप्टेशन दर्शकों को एक गंभीर मर्डर इन्वेस्टिगेशन की दुनिया में ले जाएगा। निर्देशक रोहित सिप्पी के निर्देशन में बनी इस सीरीज में कोंकणा सेन शर्मा एक पुलिस ऑफिसर के किरदार में हैं, जो रहस्यों की परतें खोलती जाती हैं। ये सीरीज 10 अक्टूबर को जियोहॉटस्टार पर रिलीज हो रही है।

**कुरुक्षेत्र** : भारत की पहली पौराणिक एनिमेटेड सीरीज 'कुरुक्षेत्र' इस बार दर्शकों को 18 दिनों की उस भीषण लड़ाई में ले जाएगी, जिसने युगों तक इतिहास रचा। शो की खासियत यह है कि इसमें हर योद्धा की दृष्टि से युद्ध को दिखाया जाएगा। इस सीरीज को भी 10 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा।

**स्थल** : जयंत सोमालकर द्वारा निर्देशित मराठी फिल्म स्थल समाज में मौजूद पारंपरिक विवाह व्यवस्था की जटिलताओं पर सवाल उठाती है। नंदिनी चिखटे द्वारा निभाया गया मुख्य किरदार एक ऐसी लड़की का है। ये फिल्म जी 5 पर 10 अक्टूबर को रिलीज होगी।

## ये फिल्में बताती हैं कि करवा चौथ सिर्फ व्रत नहीं, बल्कि प्यार की है अमिट डोर

# इन बॉलीवुड फिल्मों में दिखाया गया चांदनी रात का जादू

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की कुछ फिल्मों में करवा चौथ के व्रत को दिखाया गया है। ये फिल्में बताती हैं कि करवा चौथ सिर्फ व्रत नहीं, बल्कि प्यार की अमिट डोर है। इस करवा चौथ पर इन फिल्मों के खास करवा चौथ सीन दोबारा देखिए और अपने पार्टनर के साथ स्पेशल टाइम बिताइए। करवा चौथ के त्योहार पर चांद को देखकर व्रत खोलने की ये परंपरा बॉलीवुड फिल्मों में भी खूब नजर आई है। आज हम बात करेंगे उन चुनिंदा फिल्मों की, जहां करवा चौथ का सीन दिल छू लेने वाला रहा। ये सीन न सिर्फ इमोशनल हैं, बल्कि प्यार की मिसाल भी देते हैं।*

### कभी खुशी कभी गम

फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में करवा चौथ का सीन काजोल और शाहरुख खान के बीच फिल्माया गया है। चांद निकलते ही काजोल हंसते-हंसते छलनी से चांद देखती है। ये सीन इतना मजेदार और रोमांटिक है कि आज भी फैंस इस फिल्म को देखना पसंद करते हैं। वहीं इस सीन में करीना कपूर भी ऋतिक रोशन के साथ मस्ती करती हैं। करीना ने फिल्म में पूजा का किरदार निभाया है। करीना एक सीन में ऋतिक से कहती हैं- 'मैंने तो चांद को देख लिया, अब तुम भी देख लो'।



### दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे

शाहरुख खान और काजोल की फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' में भी करवा चौथ का शानदार सीन दिखाया गया। 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का यह खास सीन घर-घर पहुंचा। काजोल का किरदार सिमरन अपने बॉयफ्रेंड राज (शाहरुख) के लिए व्रत रखती है।



### बागबान

अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी की फैमिली ड्रामा फिल्म 'बागबान' में करवा चौथ का सीन इमोशनल टच देता है। हेमा मालिनी का किरदार अपने पति (अमिताभ बच्चन) के लिए व्रत रखती है। बेटों की कठोरता के बीच ये सीन पति-पत्नी के अटूट बंधन को दर्शाता है। चांद देखते हुए आंसू और मुस्कान का मेल दिल को छू जाता है।

### हम दिल दे चुके सनम

सलमान खान, ऐश्वर्या राय और अजय देवगन की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम' में ऐश्वर्या का किरदार नंदिनी करवा चौथ का व्रत रखती है। गुजराती रीति-रिवाजों से सजा ये सीन पारंपरिक रंगों से भरपूर है। नंदिनी चांद को देखकर व्रत खोलती है, जो प्यार और त्याग की कहानी को और गहरा बनाता है। सलमान का इंतजार वाला ट्विस्ट तो कमाल का है।

## खबर संक्षेप

### पीएम आवास एवं स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के अमृत सदन सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम शर्मा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में सीईओ ने कहा कि सभी अप्रारंभ और अपूर्ण आवासों को शीघ्र प्रारंभ कर निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने तकनीकी सहायकों को नियमित फील्ड विजिट कर प्रगति की सतत निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। 15 अक्टूबर तक निर्धारित लक्ष्यों और 1 नवंबर तक प्रदत्त लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति पर विशेष बल दिया गया। बैठक में मनरेगा योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लेबर बजट तैयार करने, जल संरक्षण और संवर्धन कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही सभी जॉब कार्ड धारकों का केवाईसी शीघ्र पूर्ण करने को कहा गया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत ओडीएफ प्लस मॉडल गांवों का निर्माण, डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण, पृथक्करण व्यवस्था और यूजर चार्ज संग्रह पर जोर दिया गया। स्वच्छाग्रहियों को समय पर मानदेय भुगतान और सामुदायिक शौचालयों के निर्माण एवं रख-रखाव पर विशेष बल दिया गया। सीईओ ने अटल डिजिटल सेवा केन्द्रों के नियमित संचालन और ग्रामीणों को अधिकतम लाभ दिलाने की बात कही। आदिकर्मयोगी योजना के तहत विलेज एक्शन प्लान की समीक्षा कर जर्जर पंचायत भवनों के चिन्हांकन पर निर्देश दिए। उन्होंने कृषि सखी, पशु सखी, पीआरपी एवं स्व-सहायता समूहों की सक्रिय महिलाओं को आवास निर्माण से जोड़ने पर बल दिया, ताकि ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें।

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आज

**बलरामपुर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज की अध्यक्षता में 8 अक्टूबर दोपहर 12 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने समिति के सदस्यों से नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा है। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सहित अन्य केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं की समीक्षा की जायेगी।

### कलेक्टर ने किया जिला कोषालय का निरीक्षण

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेंद्र कटारा

## जनकपुर वन परिक्षेत्र के ढाब गांव की घटना

# हाथी के हमले से बच्चों को बचाते हुए महिला ने दी जान, दो मासूम घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेंद्रगढ़

जिले के जनकपुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ढाब गांव में बीती रात जंगली हाथी के हमले में एक महिला की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब महिला अपने घर में सो रही थी। घटना की सबसे मार्मिक बात यह रही कि महिला ने अपनी जान की परवाह न करते हुए अपने दोनों मासूम बच्चों की जान बचा ली।

जानकारी के अनुसार, मृतका का नाम इतवरिया (उम्र लगभग 28 वर्ष) है, जो अपने घर में चार वर्षीय बेटी जानकी और दो वर्षीय रामकली के साथ सो रही थी। रात करीब 2 बजे के आसपास अचानक एक जंगली हाथी गाँव में घुस आया और सीधे इतवरिया के घर की ओर बढ़ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाथी ने घर की दीवार तोड़ दी और अंदर घुस



आया। शोर सुनकर महिला की नींद खुल गई। उसने तुरंत अपने दोनों बच्चों को गोद में उठाया और बाहर भागने की कोशिश की। लेकिन हाथी ने पीछा करते हुए उस पर हमला कर दिया। हमले के दौरान इतवरिया ने असाधारण साहस का परिचय दिया। उसने दोनों बेटियों को जोर से दूर फेंक दिया, जिससे दोनों बच्चियाँ हाथी की चपेट से बाहर चली गईं। किंतु वह खुद हाथी के हमले से नहीं बच सकी। मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, इतवरिया ने आखिरी क्षण



तक अपने बच्चों की रक्षा की और माँ की ममता का सर्वोच्च उदाहरण बन गई।

दोनों बच्चियां घायल, जनकपुर अस्पताल में भर्ती- इस घटना में दोनों बच्चियां घायल हुई हैं। बड़ी बेटी जानकी का पैर टूट गया है, जबकि छोटी बेटी रामकली को भी चोटें आई हैं। उन्हें तत्काल जनकपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। जिले के सीमावर्ती जंगलों में जंगली हाथियों की आवाजाही लगातार बनी हुई है। आए दिन फसलों की तबाही, मकानों को नुकसान और जान-माल के नुकसान की घटनाएं सामने आ रही हैं। ढाब गांव की यह घटना मानव-वन्यजीव संघर्ष की एक और दर्दनाक मिसाल बन गई है, जिसने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है।

गांव में दहशत, वन विभाग की टीम मौके पर- ढाब गांव में इस घटना के बाद भय और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि बीते कुछ दिनों से हाथियों का झुंड जनकपुर क्षेत्र के जंगलों में घूम रहा है। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुँचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है। जनकपुर वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि हाथी के मूवमेंट पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। आसपास के गाँवों में रात्रि गश्त बढ़ा दी गई है और लोगों को रात्रि में घरों के बाहर न निकलने की हिदायत दी गई है।



## सिख समाज की शहीदी यात्रा मनेन्द्रगढ़ पहुंची

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

गुरू तेग बहादुर साहिब की 350 वीं शहीदी शताब्दी के उपलक्ष्य में निकाली गई। सिख समाज की शहीदी यात्रा मंगलवार को मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला मुख्यालय पहुंची।

राजधानी रायपुर से निकली यह यात्रा पंज प्यारों की अगुवाई में शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए कीर्तन करते हुए स्थानीय गुरूद्वारा साहिब पहुंची, जहां श्रद्धा और भक्ति का वातावरण छा गया। यात्रा के गुरूद्वारा पहुंचने पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, नगरपालिका उपाध्यक्ष, सिख समाज के प्रमुख सदस्य सहित अन्य श्रद्धालुओं ने फूल वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। सभी ने गुरु ग्रंथ साहिब के दर्शन कर मत्था टेका और संगत के साथ कीर्तन दरबार में शामिल हुए। गुरमीत सिंह सिख समाज के वरिष्ठ सदस्य ने जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा 2 अक्टूबर को रायपुर स्थित गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा से प्रारंभ हुई थी। यह यात्रा पूरे प्रदेश का भ्रमण करते हुए 12 अक्टूबर को रायपुर में समापन होगी। इस दौरान यात्रा प्रदेश के कई प्रमुख गुरूद्वारों और नगरों से होकर गुजरेगी। गुरमीत सिंह ने बताया कि गुरू तेग बहादुर साहिब ने कश्मीरी पंडितों की पुकार पर हिंदू धर्म और मानवता की रक्षा के लिए मुगल बादशाह औरंगजेब की अत्याचारपूर्ण नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई थी। उनकी निडरता और धर्म की रक्षा के लिए दिए गए बलिदान ने उन्हें हिंद दी चादर की उपाधि दिलाई। उन्होंने बताया कि गुरू तेग बहादुर के साथ उनके तीन श्रद्धालु साथी भाई सती दास, मति दास और भाई दयाला को भी दिल्ली के चांदनी चौक में अमानवीय यातनाएं दी गईं। भाई सती दास को आरी से चीर दिया गया।

भाई मति दास को जीवित जलाया गया और भाई दयाला को उबालकर शहीद किया गया। अंत में गुरू साहिब का शीश धड़ से अलग कर दिया गया। आज दिल्ली स्थित गुरुद्वारा शीश गंज साहिब और रकाब गंज साहिब इन बलिदानों के साक्षी के रूप में खड़े हैं, जो हर वर्ष असंख्य श्रद्धालुओं को गुरु साहिब के त्याग, साहस और धर्म-रक्षा की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम के अंत में संगत ने सर्वधर्म एकता, आपसी भाईचारे और गुरु परंपरा के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## पहाड़ी कोरवा मरीज को 24 घंटे तक नहीं मिली एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

सरगुजा में संजीवनी 108 एंबुलेंस को लेकर स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। अभी भी गंभीर स्थिति में मरीजों को एंबुलेंस के लिए या तो घंटों इंतजार करना पड़ रहा है या फिर उन्हें निजी एंबुलेंस का सहारा लेना पड़ रहा है। जिले में एक बार फिर से स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर लापरवाही का एक ऐसा ही मामला सामने आया है जहां एक पहाड़ी कोरवा ग्रामीण को एंबुलेंस के लिए 24 घंटे तक इन्तजार करना पड़ा। एंबुलेंस नहीं मिलने के कारण गंभीर रूप से घायल मरीज बेहतर उपचार के लिए अस्पताल में पूरे एक दिन तड़पता रहा। इस दौरान अधिकारी और कंपनी के लोग एंबुलेंस के प्रोटोकॉल में व्यस्त होने का हावाला देते रहे लेकिन के युवक के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं की गई।

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के राजपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम ककना के मदेश्वरपुर निवासी 34 वर्षीय गुड्डू कोरवा आ. छेखु



कोरवा 4 अक्टूबर को बजल साय के साथ ग्राम घटगांव गया हुआ था। घटगांव से वापस लौटते समय ग्राम सिधमा के पास सड़क के गड्ढों को भरने के लिए गिराए गए मिट्टी मुरुम के ढेर के कारण युवक की बाइक अनियंत्रित हो गई। युवक अनियंत्रित होकर गिर गया। इस घटना में पहाड़ी कोरवा ग्रामीण गुड्डू सिर पर चोट लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां सिर में आई गंभीर चोट के कारण उसे आईसीयू में वेंटीलेटर पर रखा गया था। गंभीर चोट के कारण युवक को न्यूरो सर्जन की जरुरत थी ऐसे में उसे दोपहर तीन बजे रायपुर रिफर किया गया था।

### शस्त्र पूजन उपरांत स्वयं सेवकों ने किया पथ संचलन

**अम्बिकापुर।** मेण्ड्रा कला मंडल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक द्वारा पथ संचलन किया गया। अपराह्न 3 बजे एकत्रीकरण पश्चात स्वस्तिवाचन के साथ शस्त्र पूजन किया गया और शाम 4 बजे पथ संचलन हाईस्कूल प्रांगण से निकलकर नर्मदेश्वर शिव मंदिर की परिक्रमा करते हुए पुनः हाईस्कूल प्रांगण पहुंचकर समाप्त हुआ। कार्यक्रम के मुख्य प्रवक्ता व खण्ड कार्यवाह धनंजय जायसवाल ने कहा कि डॉ.केशव राव हेडगेवार ने वर्ष 1925 में दस लोगों से विजयादशमी के दिन संघ की स्थापना कर शाखा की शुरूआत की।

## सेवा पखवाड़ा दिवस पर दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को मिला संबल



हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

राष्टÑपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर को जिले में सेवा पखवाड़ा दिवस के अंतर्गत आयोजित विशेष कार्यक्रम ने दिव्यांगजनों और वृद्धजन के जीवन में नई रोशनी भर दी। समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में आत्मानंद विद्यालय, मनेन्द्रगढ़ में सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को सहारा प्रदान करना और उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना था। इस अवसर पर जिले के जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी काफी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले थीं। उनके साथ जनपद अध्यक्ष श्रीमती जानकी बाई खुसरो, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा सरजू यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, जन प्रतिनिधि राहुल सिंह, सरजू यादव, अभिषेक वर्मा और आशीष मजूमदार भी मौजूद रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में डिप्टी कलेक्टर प्रभारी सहायक संचालक समाज कल्याण विभाग श्रीमती इंदिरा मिश्रा और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ सुश्री वैशाली सिंह विशेष रूप से शामिल हुईं।

## वन्य जीव सप्ताह : चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कोरिया वन मंडल बैकुंठपुर अंतर्गत वन परिक्षेत्र देवगढ़ द्वारा वन्य जीव सप्ताह के दौरान प्रतिदिन विभिन्न विद्यालयों में चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। इसी क्रम में 7 अक्टूबर को ग्राम लटमा स्थित प्राथमिक एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। मिली जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र देवगढ़ के अधिकारी-कर्मचारी रेंज क्षेत्र के ग्राम लटमा स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय लटमा में वन्य जीव सप्ताह के दौरान निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका विषय हमारे जीवन में वन्य प्राणियों का महत्व,हाथी मानव द्वंद्व व प्रदूषण एवं वन्य जीव निर्धारित किया गया था। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के तीनों कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के लिए आवश्यक शिक्षण सामग्री वन विभाग द्वारा ही प्रदान किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा 6 वीं की छात्रा यशोदा सिंह प्रथम स्थान प्राप्त की, वहीं कक्षा सातवीं की अंजली द्वितीय एवं कु अंजली कक्षा आठवीं तृतीय रही, जिन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सर्व प्रथम प्रतियोगिता कार्यक्रम में पहुंचे वन परिक्षेत्राधिकारी देवगढ़ रेंज शैलेश गुप्ता का स्वागत शाला परिवार द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को प्रेरक उद्बोधन






दिए और उन्हें प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक पीएन दुबे द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक मिथिलेश सिंह, पंकज भानू, संजू विनीत सहित वन विभाग के सहायक परिक्षेत्राधिकारी प्रमोद तिवारी,अशोक यादव,अंगद सिंह, वन रक्षक नरेन्द्र जायसवाल, राजीव यादव, अबीर व संगीता राजवाडेÞ उपस्थित रहे।

**प्राथमिक में चित्रकला प्रतियोगिता-** वन्य जीव सप्ताह के दौरान 7 अक्टूबर को वन विभाग द्वारा शासकीय पीएमश्री प्राथमिक शाला लटमा में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें कक्षा पहली से 5 वीं तक के विद्यार्थी शामिल हुए। आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम कक्षा तीसरी का छात्र दिव्यांग रहा, वहीं द्वितीय कुमारी सविता तथा तृतीय कुमारी देवंती रही, हिन्हें वन परिक्षेत्राधिकारी शैलेश गुप्ता द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, इसके अलावा सांत्वना पुरस्कार में कक्षा पहली की कुमारी अनन्या सहित अन्य छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक महाबल सिंह, शिक्षिका श्रीमती ललिता खलखों उपस्थित रही।

**आज अंतिम दिन होगी प्रतियोगिता-** वन्य जीव सप्ताह का 8 अक्टूबर को अंतिम दिन है। बीते 2 अक्टूबर से वन्य जीव सप्ताह शुरू हुआ था और प्रत्येक दिन विभिन्न विद्यालयों में वन विभाग द्वारा निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई।

## पेंशनरों का सम्मान कार्यक्रम

**मनेन्द्रगढ़।** बीते 5 अक्टूबर को छग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला एमसीबी के पदाधिकारियों एवं पेंशनरों द्वारा 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ पेंशनरों आरएस मिश्रा, आरके पुरी एवं एसएन सोनार के निवास पर जाकर उनका शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष गोपाल प्रसाद बुनकर, कार्यकारी जिलाध्यक्ष एवं जिला सचिव वीपी पटेल, तहसील अध्यक्ष मनेन्द्रगढ़ सतीश उपाध्याय, जिला सह सचिव पुष्कर लाल तिवारी, जिला



कार्यकारिणी सदस्य सीएल नागवंशी, जवाहरलाल राजवाड़े, शंकर सिंह, शिव शंकर मिश्रा, दिलीप सहित अनेक पदाधिकारी एवं पेंशनधारी उपस्थित रहे। संघ के पदाधिकारियों ने वरिष्ठ पेंशनरों के योगदान को नमन करते हुए उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

## राष्ट्रीय सचिव ने वोट चोर, गद्दी छोड़ो हस्ताक्षर अभियान का किया आगाज

**बैकुण्ठपुर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सचिव एवं छग प्रदेश की सह प्रभारी सुश्री जरिता लैथफलांग ने मंगलवार को कोरिया जिले से वोट चोर, गद्दी छोड़ो हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम सलका, सलबा एवं मनसुख में पहुंचकर आम जनता से संवाद किया और लोकतंत्र की रक्षा के लिए लोगों को जागरूक किया। सुश्री लैथफलांग ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार चुनाव आयोग को अपना हथियार बनाकर जनता के मताधिकार पर हमला कर रही है। मतदाता सूची से लाखों आम लोगों के नाम जानबूझकर हटाए जा रहे हैं, ताकि वोट की चोरी कर सत्ता में बने रहा जा सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस तरह की जनविरोधी साजिशों को कभी सफल नहीं



होने देगी और सदैव जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, सत्य प्रकाश तिवारी, विकास श्रीवास्तव, धीरज सिंह, हुसैन खान, प्रभु दयाल इक्का, विनोद जायसवाल सहित काफी संख्या में कांग्रेसी एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सरगुजा संभाग का ...

विद्यार्थियों में अंतरिक्ष, भौतिकी, भूगोल और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी। शुभांशु शुक्ला आधुनिक भारत की सैन्य-वैज्ञानिक प्रतिभा और अंतरिक्ष महत्वाकांक्षा के प्रतीक हैं, जिनकी यात्रा युवाओं को रक्षा सेवा व साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग व गणित क्षेत्रों में करियर के लिए प्रेरित करती है। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने विद्यालय की छात्राओं से लैब के तकनीकी पक्षों के बारे में जानकारी ली। कक्षा नवमीं की छात्रा अनुजा ने ऐरोहब मॉडल का प्रदर्शन किया, वहीं कक्षा बारहवीं की उन्नति ने वर्चुअल रियलिटी के उपयोग को समझाया। अन्य छात्राओं ने भी अंतरिक्ष से संबंधित उपकरणों और मॉडलों के कार्यों का जीवंत प्रदर्शन किया। राज्यपाल श्री डेका ने छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है। विज्ञान से होने वाले लाभ और उसके प्रभाव से कोई इंकार नहीं कर सकता। यह लैब न केवल अंतरिक्ष विज्ञान बल्कि अन्य विज्ञान विषयों में भी विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि यहां के विद्यार्थियों में परिश्रम, लगन और जुनून की कोई कमी नहीं है, उन्हें बस अवसर की आवश्यकता है। प्रशासन उनके शैक्षणिक विकास के लिए हर संभव प्रयास करेगा। राज्यपाल की उपस्थिति में आयोजित यह कार्यक्रम कोरिया जिले के लिए गौरव का क्षण रहा, जिससे न केवल शिक्षा की दिशा में नई ऊर्जा आएगी, बल्कि विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और उत्साह भी बढ़ेगा।

### नाबालिग चोरों ने ...

जांच में पता चला कि घर से तीन लैपटॉप (डेल, एलजी, एसर), चार मोबाइल (सैमसंग और नोकिया), चार्जर, सूखे मेवे, चांदी का सिक्का, गहने और अन्य कीमती सामान कुल मूल्य 1,24,000 चोरी हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना चरचा पुलिस ने त्वरित विवेचना शुरू की। संदेह के आधार पर पूछताछ में आरोपी बबन कुमार बसोर पिता लालमन बसोर उम्र 18 वर्ष निवासी केटीसी कॉलोनी चरचा ने अपराध स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर एक नोकिया मोबाइल एवं घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की गई। पूछताछ में बताया कि उसने चोरी की घटना को अपने दो नाबालिग साथियों के साथ मिलकर अंजाम दी थी। दोनों विधि-विरूद्ध बालकों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था और उनके कब्जे से लैपटॉप, मोबाइल, हार और दो बैग बरामद किए गए। इस पूरे अभियान में पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं उप पुलिस अधीक्षक एसडीओपी राजेश साहू के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रमोद पांडे एवं थाना चरचा की टीम की सराहनीय भूमिका रही।

### दुकानदारों के बीच ...

जा रहे हैं। सिटी कोतवाली प्रभारी सुनील तिवारी ने बताया कि इस मामले में कुल सात लोगों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और शांति भंग करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपियों में मोहम्मद कामरान, उमर, मोहम्मद अनस, मोहम्मद इमरान, अब्दुल रशीद, आदिल और आदिल शामिल हैं। फिलहाल पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। वहीं घायल व्यापारी की हालत स्थिर बताई जा रही है। स्थानीय व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि शहर में लगातार बढ़ रही आपसी झड़पों पर सख्ती से रोक लगाई जाए और आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

### महाविद्यालय में रक्तदान ...

और तनावमुक्त जीवनशैली को सर्वोत्तम दवा बताया। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अरविंद पटेल ने स्वच्छता को स्वास्थ्य का मूल आधार बताया, जबकि चिकित्सा मनोविज्ञानी डॉ. सुमन कुमार ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के लिए मानसिक रूप से स्वस्थ रहना भी उतना ही जरूरी है जितना पौष्टिक भोजन। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने की। रक्तदान शिविर में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक बिक्की राम, छात्राएं चंदा राजवाड़े, पूजा यादव, श्वेता ठाकुर, दिव्या राजवाड़े सहित कई छात्राओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। शिविर में काफी संख्या में छात्राओं, प्राध्यापकों और कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ज्ञान चंद्र पाल ने किया।

डायबिटीज
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411